तेरी जय हो राधे रानी

तेरी जय हो राधे रानी,
बरसाने मुझे बुला लिया,
तेरी कृपा हुई किशोरी,
तेरी जय हो राधे रानी

बहुत दिनों से आशा राधे पूरी हो गई मेरी
जीवन सफल हुआ मेरा हुई दया लाडली तेरी
तूने हाथ रखा जब सर पे
दुखो से मुझे बचा लिया
तेरी जय हो राधे रानी .....

जो तेरे दरबार में आके राधे राधे गाता
मनोकामना पूरी होती मन चाह फल पाता
तन मन वाणी हुई पावन
जब राधे राधे गा लिया
तेरी जय हो राधे रानी

बरसाना ब्रिज की रजधानी राधे हो महारानी
चरणों में प्रणाम करें तेरे सब ज्ञानी ध्यानी
माँ तार दिया हो तुमने
जिसने भी शीश झुका लिया
तेरी जय हो राधे रानी .....

कृष्ण कन्हिया प्रेम देव श्री राधे रस की धारा
नंदलाला वृषभान लली का बंधन सब से न्यारा
श्यामा तेरी कृपा पाने
भूलन त्यागी भी आ लिया
तेरी जय हो राधे रानी .....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17817/title/teri-jai-ho-radhe-rani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |